भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2868**
06.08.2025 को उत्तर देने के लिए

एएसयूएसई

2868. श्री शशांक मणिः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अनिगमित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) 2023-24 में सम्मिलित अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) मुद्रा ऋण और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी पहलों ने अनिगमित उद्यमों के विकास को किस प्रकार प्रभावित किया है;

(ग) क्या उद्यम विकास और रोजगार में कोई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय भिन्नताएँ हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (सां.और कार्य.कार्या.मंत्रा.) के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 के दौरान अनिगमित क्षेत्र उद्यमों (एएसयूएसई) का वार्षिक सर्वेक्षण 2023-24 आयोजित किया, जिसका प्राथमिक उद्देश्य विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों (निर्माण को छोड़कर) में अनिगमित गैर-कृषि प्रतिष्ठानों की विभिन्न आर्थिक और परिचालन विशेषताओं को मापना था।

अक्टूबर, 2023 - सितंबर, 2024 के दौरान आयोजित एएसयूएसई 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार, एएसयूएसई 2023-24 में सर्वेक्षण किए गए प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 4,98,024 थी। अक्टूबर, 2023 – सितंबर, 2024 के दौरान अनिगमित गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की अनुमानित संख्या 7,33,99,476 है।

मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी पहलों ने भारत में अनिगमित उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तथापि, एएसयूएसई में उनके प्रभाव का आकलन नहीं किया गया है।

एएसयूएसई 2022-23 और एएसयूएसई 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार अनिगमित गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों और श्रमिकों की राज्यवार अनुमानित संख्या अनुबंध में दी गई है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 06.08.2025 को उतरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2868 के भाग (क) से (घ) में संदर्भित अनुबंध**

| राज्य | एएसयूएसई 2022-23 | | एएसयूएसई 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रतिष्ठान | श्रमिक | प्रतिष्ठान | श्रमिक |
| आंध्र प्रदेश | 32,05,746 | 49,41,337 | 36,34,267 | 51,44,792 |
| अरुणाचल प्रदेश | 70,927 | 1,04,510 | 66,682 | 99,151 |
| असम | 9,17,312 | 13,21,534 | 11,73,929 | 17,02,236 |
| बिहार | 37,01,144 | 58,95,375 | 43,19,314 | 58,51,757 |
| छत्तीसगढ | 9,39,667 | 18,08,362 | 12,05,121 | 22,68,265 |
| दिल्ली | 9,30,269 | 19,99,614 | 9,97,101 | 21,94,598 |
| गोवा | 53,049 | 1,18,205 | 58,742 | 1,50,979 |
| गुजरात | 34,94,085 | 68,80,754 | 46,45,859 | 92,00,653 |
| हरियाणा | 11,56,396 | 21,68,911 | 12,85,262 | 23,87,829 |
| हिमाचल प्रदेश | 5,18,709 | 7,58,087 | 5,38,350 | 8,10,204 |
| झारखंड | 19,77,514 | 28,92,648 | 17,67,860 | 25,70,291 |
| कर्नाटक | 34,74,043 | 58,32,890 | 36,49,865 | 58,25,296 |
| केरल | 23,19,510 | 38,50,802 | 26,46,492 | 47,49,599 |
| मध्य प्रदेश | 32,71,960 | 55,58,912 | 39,87,456 | 64,76,407 |
| महाराष्ट्र | 60,97,234 | 1,15,51,427 | 64,44,857 | 1,21,48,273 |
| मणिपुर | 1,68,963 | 2,14,579 | 1,87,464 | 2,67,435 |
| मेघालय | 1,64,419 | 3,20,986 | 1,89,814 | 3,06,179 |
| मिजोरम | 12,841 | 17,109 | 16,863 | 28,659 |
| नगालैंड | 53,657 | 1,05,778 | 71,674 | 1,21,882 |
| ओडिशा | 29,48,723 | 40,87,349 | 34,19,288 | 47,86,444 |
| पंजाब | 16,57,995 | 28,11,437 | 18,71,246 | 31,49,055 |
| राजस्थान | 28,37,753 | 54,08,175 | 35,04,012 | 63,65,206 |
| सिक्किम | 42,215 | 78,754 | 45,938 | 71,937 |
| तमिलनाडु | 42,29,039 | 84,58,091 | 45,24,484 | 87,46,975 |
| तेलंगाना | 24,76,860 | 36,81,180 | 27,65,997 | 42,97,888 |
| त्रिपुरा | 1,51,335 | 1,90,951 | 1,83,220 | 2,53,346 |
| उत्तर प्रदेश | 89,94,323 | 1,57,45,855 | 93,83,148 | 1,59,95,004 |
| उत्तराखंड | 5,05,049 | 8,28,105 | 6,12,174 | 10,09,650 |
| पश्चिम बंगाल | 78,31,257 | 1,05,41,884 | 92,67,816 | 1,20,38,420 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 21,708 | 47,998 | 18,990 | 37,075 |
| चंडीगढ़ | 35,253 | 77,804 | 77,847 | 1,81,169 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दादर एवं नागर हवेली तथा दमन और दीव | 32,994 | 66,527 | 38,245 | 86,610 |
| जम्मू और कश्मीर | 6,65,253 | 10,73,669 | 7,00,352 | 10,62,851 |
| लद्दाख | 17,394 | 30,032 | 18,146 | 31,145 |
| लक्षद्वीप | 3,098 | 4,696 | 4,477 | 7,622 |
| पुदुचेरी | 70,696 | 1,51,643 | 77,122 | 1,74,934 |
| अखिल भारतीय | 6,50,48,390 | 10,96,25,967 | 7,33,99,476 | 12,05,99,815 |